मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 121 ■ गुरुवार, 25 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

फ्लॉप हो रही फिल्मों पर अक्षय ने तोड़ी चुप्पी

# भारी बारिश से पानी में डूबा पुल



■ 12 गांवों का संपर्क टूटा

■ कारोबारी फंसे

**कल्याण.** भारी बारिश के कारण टिटवाला के पास कालू नदी पर बना रूंडे ब्रिज बुधवार दोपहर पानी में डूब गया। इसलिए इस पुल पर यातायात बंद कर दिया गया. इस पुल पर यातायात बंद होने से क्षेत्र के 12 गांवों का कल्याण क्षेत्र से संपर्क टूट गया है और टिटवाला के पास रुंडे गांव से होकर बहती है. इस नदी पर बना पुल नदी के जलस्तर से नीचे है। इसलिए, जब मानसून के दौरान कालू नदी उफान पर होती है, तो चौड़ा पुल पानी में डूब जाता है। पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कालू नदी में बाढ़ आ गई है. इस बाढ़ के कारण चौड़ा पुल पानी में समा गया है.

कल्याण, टिटवाला क्षेत्र में जाने के लिए फलेगांव, उशीद, हाल, मढ़, पलसोली, काकड़पाड़ा, दानबाव, नादगांव, वावेघर, राया, उटाने, ओझर्ली, चिंचवाली, कुंभारपाड़ा गांवों के निवासी रुंडे पुल का उपयोग करते हैं. इन गांवों से सुबह दूध में विक्रेता, सब्जी विक्रेता कल्याण, मुंबई क्षेत्र में गए थे. ये कारोबारी घर लौटते वक्त रुंडे ब्रिज पर पानी के कारण फंस गए. इस बाढ़ से टिटवाला, कल्याण इलाकों में स्कूलों में आने वाले छात्र प्रभावित हुए हैं.

### कल्याण कोर्ट जलमग्न

■ कल्याण पश्चिम के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का काम चल रहा है. इस क्षेत्र में इन कार्यों के चलते कुछ स्थानों पर सीवर का निर्माण नहीं हो सका है। कुछ स्थानों पर नालों में पानी के बहाव में रुकावटें आ रही हैं। इसलिए भारी बारिश शुरू होने के बाद से कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन क्षेत्र, कल्याण जिला न्यायालय, तहसीलदार कार्यालय, दिलीप कपोते पार्किंग क्षेत्र में पानी जमा हो रहा है.

■ कोर्ट परिसर में पानी भरा होने के कारण वकीलों समेत आरोपियों को भी इसी पानी से होकर गुजरना पड़ता है. यही स्थिति तहसीलदार कार्यालय जाने वाले नागरिकों की भी है। अब चूंकि सड़क ऊपरी हिस्से में है और कोर्ट भवन निचले हिस्से में है, इसलिए कोर्ट परिसर में पानी की मात्रा अधिक है, नगर पालिका ने इस क्षेत्र से पानी निकालने के लिए तीन उच्च दबाव पंप लगाए हैं।

## कार पर गिरा पेड़

■ कुर्ला कैम्प की घटना

■ बिजली आपूर्ति रही ठप्प

■ कोई जनहानि नहीं

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में हो रही भारी बारिश के कारण उल्हासनगर कैंप 4 कुर्ला कैंप इलाके में सी ग्रीन प्लैटिनम अपार्टमेंट के सामने खड़ी एक चार पहिया गाड़ी पर पेड़ गिर गया, जिसके कारण कुर्ला कैंप इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है. वाहन का भारी नुक़सान हुआ तो बिजली आपूर्ति ठप्प से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



## अंबरनाथ के 2 कांस्टेबल एसीबी के शिकंजे में





■ शिवाजी नगर पुलिस में अपराध दर्ज

■ भंगारवाल से एक लाख की मांगी रिश्वत

■ 50 हजार रुपए स्वीकारे

⏩ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के दो पुलिसकर्मियों पर एक भंगार वाले से 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ठाणे ने 3 महिने तक जांच करने के बाद आरोप सिद्ध होने पर दोनों पुलिस हवलदार चंद्रकांत शिंदे (44) और सचिन माने (43) के खिलाफ शिवाजी नगर पुलिस में 23 जुलाई को एसीबी ने रिश्वत मांगने का आरोप दर्ज किया है. एसीबी द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार एक भंगार वाले ने उनसे शिकायत की थी कि उसकी भंगार की गाड़ी को पकड़ कर उस पर कार्रवाई ना करने के लिए और वह गाड़ी छुड़ाने के लिए उपरोक्त दोनों हवलदारों ने उनसे एक लाख रुपए रिश्वत मांगी थी. ऐसी शिकायत एसीबी को प्राप्त होने के बाद 14 अप्रैल 2024 को जांच कार्रवाई करने पर ये निष्पन्न हुआ है कि एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई और समझौते के बाद 50 हजार रुपए मांगे गए थे. इसलिए दोनों हवलदारों पर पुलिस में अपराध दर्ज किया गया है. एक जगह ये भी कहा गया है कि दोनों पुलिस हवलदारों ने 50 हजार रुपए लेने के बात स्वीकार भी किया है. एसीबी के पुलिस निरीक्षक विजय कांबले द्वारा ऐसी जानकारी प्रेस नोट जारी करके दी गई है. पुलिस अधीक्षक सुनिल लोखंडे, अपर पुलिस अधीक्षक गजानन राठोड़, अपर पुलिस अधीक्षक एसीबी महेश तरडे के मार्गदर्शन में ये कार्रवाई की गई है.

## अंबरनाथ नपा की फेरीवालों पर कार्रवाई



■ 10 टपरियां तोड़ी गईं

■ शहर पुलिस की निगरानी में कार्रवाई

■ गैस सिलेंडर जब्त किया

⏩ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद अतिक्रमण विभाग ने बुधवार शाम में शहर पश्चिम चौक और स्वामी नगर को जाने वाले रास्ते पर बनी 10 टपरियों एवं हाथगाड़ियों पर कार्रवाई की है. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलसकर के कहने पर ये कार्रवाई की गई है. स्वतः कलसकर कार्रवाई के समय पुलिस दल-बल के साथ उपस्थित थे. नपा अतिक्रमण विभाग के अधिकारी गावीत की निगरानी में एवं मुख्याधिकारी के आदेश पर ये कार्रवाई की गई है. शहर पश्चिम में स्टेशन चौक पर अवैध फेरीवालों का जमावड़ा बढ़ गया है. स्वतः पुलिस निरीक्षक कलसर दल बल के साथ निकल कर स्टेशन रोड के हाथगाड़ी, फेरीवालों पर कार्रवाई कर रहे हैं.

बुधवार को उन्हीं के फरमान पर नपा ने ये कार्रवाई की है. 10 टपरियों को तोड़ा गया. हाथगाड़ियों को उलट दिया गया.

गावित ने बताया कि कुछ गैस सिलेंडर भी उन्होंने जब्त किए हैं. सब्जियों को भी जब्त किया गया है. रेल प्रशासन ने भी नगर परिषद को निवेदन दिया है कि स्टेशन परिसर के कुछ दुकानदारों ने अवैध रूप से छपरा बना दिया है और दुकानों, होटलों का पानी गटर में डालने से आरक्षण केंद्र के पास की गटर बंद हो गई है. इन अवैध छपरों को हटाने की मांग रेल प्रशासन ने किया है. स्टेशन चौक पर सबसे ज्यादा लोगों को परेशानी उन अवैध ठेलेवालों से है, जो चौक पर सड़क के बीच कब्जा करके अपना ठेला लगा रहे हैं.

### उल्हासनगर महानगरपालिका की अभय योजना को अच्छा रिस्पांस

## पहले दिन ही 2 करोड़ रुपए प्रापर्टी टैक्स का भुगतान





■ बकायेदारों को 27 जुलाई तक 100% ब्याज माफी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के आयुक्त डॉ. अजीज शेख ने कर बकायेदारों को सामूहिक रूप से बकाया भुगतान करने का एक और मौका दिया है। इसके लिए अभय योजना के तहत इस साल 22 से 27 जुलाई तक देय संपत्ति कर पर 100% ब्याज माफी की घोषणा की है। पहले दिन बकाएदारों ने अच्छा रिस्पांस दिया और दो करोड़ से अधिक का भुगतान कर दिया.

उल्हासनगर मनपा द्वारा घोषित अभय योजना के कार्यान्वयन के लिए आयुक्त अजीज शेख के आदेश पर अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, जमीर लेंगरेकर, कर निर्धारणकर्ता और कलेक्टर नीलम कदम-बोडारे, उपकर मूल्यांकनकर्ता और कलेक्टर मनोज गोकलानी और 10 कर निरीक्षकों को सक्रिय किया गया है।

### आय का महत्वपूर्ण स्रोत

संपत्ति कर विभाग आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है और इस संबंध में पिछले वर्ष आयुक्त डॉ. अजीज शेख ने दो बार अभय योजना लागू की. नागरिकों के अच्छे प्रतिसाद के कारण इन दोनों योजनाओं में औसतन 11 करोड़ की वसूली हुई। साथ ही 31 मार्च 2024 तक 110 करोड़ की रिकॉर्ड रिकवरी हुई. कर निर्धारणकर्ताओं और संग्राहकों का मानना है कि चालू वर्ष की पहली अभय योजना के पहले दिन बकाएदारों द्वारा 2 करोड़ 16 लाख 46 हजार 611 रुपये का भुगतान करने और पांच दिन शेष रहने पर पिछली अभय योजना के आंकड़े भी पार हो जाएंगे। मार्च 2025 में कलेक्शन 110 करोड़ से अधिक हो जाएगा,

## अंबरनाथ शहर में सड़कों के गड्ढों के कारण 2 दुर्घटनाएं






■ डिवाइडर से टकराया टैंकर

■ कार पलटने से बची

⏩ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में सड़कों पर गड्ढे होने के कारण एक कार और एक बड़ा टैंकर हादसे का शिकार हो गए हैं. मंगलवार रात में के.बी. राज्य महामार्ग पर गड्ढा बचाने के चक्कर में टैंकर चालक टैंकर पर नियंत्रण नहीं रख सका और टैंकर को डिवायडर पर लगे लाइट के खंभे को तोड़ता हुआ डिवाइडर के ऊपर टैंकर चढ़ा दिया. टैंकर गुजरात राज्य का है. इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ है. ये दुर्घटना नया भेंडीपाड़ा शंकर मंदिर के पास हुई है. डिवाइडर पूरी तरह से तहस-नहस हो गया है.



शहर पूर्व में हुतात्मा चौक पर एक कार सीमेंट सड़क के किनारे के गड्ढे में उलटे-उलटते बच गई. इस कार में शिवसेना महिला पदाधिकारी सवार थी. नगरपालिका की लापरवाही से ये हादसा हुआ है. सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य शुरू है. सड़क के किनारे के भाग में बड़ा गड्ढा भरे नहीं जाने के कारण ये हादसा हुआ है. जबकि दो दिन पूर्व ही युवा सेना ने नपा प्रशासन को पत्र दिया है कि आठ दिनों के भीतर सड़क के गड्ढे बुझाए जाएं नहीं तो युवा सेना के युवक इन गड्ढों को ट्रैफिक रोककर भरेंगे. चिखलोली एमआईडीसी राज्य महामार्ग एवं मोरीवली एमआईडीसी के रास्तों पर भी गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं. जिसके कारण यहां ट्रैफिक जाम हो रहा है. वाहन चालक इन गड्ढों से काफी परेशान हैं. प्रशासन कब जागेगा. कब ये गड्ढे बंद किए जाएंगे. ऐसा प्रश्न परेशान वाहन चालक कर रहे हैं.

## आज अनिल मल्टिस्पेशलिटी अस्पताल का भव्य उद्घाटन





■ संतों के हाथों होगा लोकार्पण

■ मंत्री रविंद्र चव्हाण व सांसद श्रीकांत शिंदे होंगे उपस्थित

■ पूर्व नगरसेवक टोनी सीरवानी की सुपुत्री डॉ. आस्था सीरवानी देंगी सेवाएं

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-3 केबी रोड स्थित अशोक टाकीज के पास अनिल मल्टिस्पेशलिटी अस्पताल का आज 25 जुलाई की सुबह 11 बजे भव्य उद्घाटन शहर के नामी संतों के हाथों होने जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री रविंद्र चव्हाण व सांसद श्रीकांत शिंदे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। ज्ञात हो कि इस नवनिर्मित इस अस्पताल में 24/7 डॉक्टरों की बेहतरीन टीम यहां मरीजों का इलाज करेगी जिनमें पूर्व नगरसेवक टोनी सीरवानी की सुपुत्री डॉ. आस्था सीरवानी भी मरीजों की सेवा के लिए उपलब्ध हैं। टोनी सीरवानी ने शहरवासियों से अपील है कि इस भव्य अस्पताल की सेवाओं का लाभ उठाएं।

## राकांपा की बैनरबाजी : बदलापुर का लाडला गड्ढा?

■ नगर पालिका के खिलाफ एनसीपी का बैनर अभियान

**बदलापुर.** बदलापुर शहर के एकमात्र फ्लाईओवर और पुल के प्रवेश द्वार पर इस साल भी गड्ढे हो गए हैं। कुलगांव बदलापुर नगर मुख्यालय के पास कै. दुबे अस्पताल है और हर साल अस्पताल के प्रवेश द्वार पर एक बड़ा गड्ढा हो जाता है। इस गड्ढे के कारण यहां ट्रैफिक जाम रहता है. नपा प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) की ओर से यहां 'पालिकेचा लाड़का खड्डा' लिखा बैनर लगाया गया है. यह बैनर शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है।

बदलापुर शहर का एकमात्र फ्लाईओवर शहर के मध्य भाग में स्थित है। यह फ्लाईओवर शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच यात्रा के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि शहर के बेलवली इलाके में एक सबवे है, लेकिन यह संकरा है और यहां अक्सर ट्रैफिक जाम रहता है। इसलिए नागरिक इस फ्लाईओवर पर जाना पसंद करते हैं। शहर के इस एकमात्र फ्लाईओवर पर हर साल गड्ढे हो जाते हैं। इन गड्ढों के कारण यहां से ट्रैफिक धीमा है। इसके कारण शहर के पश्चिमी भाग





से लेकर दत्त चौक तक वाहनों की लंबी कतार लग गयी है.

पूर्व में कुलगांव बदलापुर नगर पालिका मुख्यालय के पास नपा का हॉस्पिटल है. शहर से बड़ी संख्या में नागरिक नगर पालिका में काम और अस्पताल में मरीज़ों के लिए यहां आते हैं। इसलिए उनकी गाड़ियां यहीं रुकती हैं. इस क्षेत्र में शहर का सबसे बड़ा आदर्श विद्या मंदिर और कॉलेज है। इस क्षेत्र से कात्रप और स्टेशन क्षेत्र की ओर जाने के लिए वाहन मुड़ते हैं। इसलिए अगर यहां ट्रैफिक जाम होता है तो इसका असर पूरे शहर के ट्रैफिक पर पड़ता है. हर साल फ्लाईओवर के प्रवेश द्वार पर एक गड्ढा हो जाता है जो यहां बड़ी दुविधा पैदा करता है। नगर निगम प्रशासन हर साल गड्ढे भरने का प्रयास करता है। हालाँकि, कुछ ही घंटों में गड्ढा फिर से प्रकट हो जाता है।

मंगलवार को नगर निगम प्रशासन ने इस गड्ढे को भरने का प्रयास किया। बुधवार को फिर उसी गड्ढे का वही हाल हो गया। ऐसे में नगर पालिका की इन गड्ढों को भरने की तकनीक पर सवालिया निशान लग गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरदचंद्र पवार गुट के प्रदेश महासचिव अविनाश देशमुख ने यहां नगर पालिका का लाडला गड्ढा लिखकर एक बैनर लगाया है. यह बैनर इस वक्त बदलापुरकरों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। इसमें उस बड़े गड्ढे की फोटो भी लगाई गई है. इसमें यह भी लिखा है कि वाहन धीरे चलाएं, नगर पालिका का पसंदीदा गड्ढा यहीं है। नगर निगम मुख्यालय के बगल में लगा यह बैनर अब चर्चा का विषय बना हुआ है.

## सेंचुरी स्कूल के पास खतरनाक पेड़



■ दुर्घटना की आशंका

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका की सीमा के अंतर्गत कल्याण-मुरबाड राज्य राजमार्ग पर सेंचुरी स्कूल के पास दो बहुत बड़े सूखे पेड़ हैं। मनसे ने सोशल मीडिया के माध्यम से नगर पालिका को सूचित किया है कि वर्तमान मानसून की स्थिति के कारण ये पेड़ किसी भी समय गिर सकते हैं और एक बड़ी दुर्घटना की संभावना है। ये पेड़ राज्य राजमार्ग के किनारे स्थित हैं और यहां से सैकड़ों वाहन चालक, पैदल यात्री, स्कूली छात्र, अभिभावक आते-जाते हैं। मनसे पदाधिकारियों का कहना है कि इसकी गंभीरता को देखते हुए मनपा प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा दुर्घटना के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा.

## फर्जी दस्तावेज पर पाकिस्तान गई महिला के खिलाफ एक्शन

■ फेसबुक से हुआ प्यार

■ बॉयफ्रेंड से शादी करने बेटी के साथ पाकिस्तान पहुंच गई महिला

**ठाणे.** आपको भारत के सचिन और पाकिस्तान की सीमा हैदर की लव स्टोरी तो पता ही होगी कि कैसे उन्हें ऑनलाइन गेम खेलते-खेलते एक दूसरे से प्यार हो जाता है और फिर शादीशुदा सीमा हैदर अपने बच्चों के साथ भारत आ जाती है और सचिन से शादी करके उसके घर पर ही रहने लगती है. आजकल ऐसी ही एक प्रेम कहानी फिर से चर्चा में है. हालांकि इस लव स्टोरी में अंतर सिर्फ इतना है कि गर्लफ्रेंड को फर्जीवाड़ा करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है. महिला के खिलाफ पाकिस्तान जाने के लिए पासपोर्ट हासिल करने के लिए कथित तौर पर जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है.





ठाणे पुलिस ने 23 साल की इस महिला पर एफआईआर दर्ज की है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, महिला अपनी बेटी के साथ फर्जी कागजी कार्रवाई के आधार पर फर्जी पासपोर्ट और वीजा हासिल करने के बाद पाकिस्तान गई थी. समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने महिला के साथ-साथ जाली दस्तावेज बनाने में मदद करने वाले एक अज्ञात शख्स के खिलाफ भी भारतीय पासपोर्ट अधिनियम और अन्य संबंधित कानूनों के तहत मामला दर्ज किया है.

■ बॉयफ्रेंड से शादी करने पाकिस्तान पहुंची महिला

महिला की पहचान नगमा नूर के रूप में की गई है, जिसे सनम खान के नाम से भी जाना जाता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड के लिए पाकिस्तान गई थी, जिससे उसकी मुलाकात फेसबुक के जरिए हुई थी। फेसबुक पर मिलने के बाद महिला महाराष्ट्र के ठाणे से पाकिस्तान चली गई और एबटाबाद में जाकर अपने बॉयफ्रेंड से शादी कर ली. दावा किया जा रहा है कि महिला करीब डेढ़ महीने तक अपने बॉयफ्रेंड के साथ पाकिस्तान में रही और फिर वापस भारत लौट आई. पुलिस ने बताया कि ये अपराध मई 2023 से 2024 के बीच हुआ था. फिलहाल महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है.

■ ऑनलाइन हुई थी दोस्ती

एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, ठाणे पुलिस को दिए गए अपने शुरुआती बयान में महिला ने दावा किया था कि उसने ऑनलाइन एक शख्स से दोस्ती की थी, जिसकी वजह से उसने पाकिस्तान जाने का फैसला किया. जांच अधिकारी ने बताया कि फर्जी पहचान पत्रों का इस्तेमाल करके उसने पाकिस्तान के लिए पासपोर्ट और वीजा हासिल किया था, जिसके बाद वह पाकिस्तान चली गई थी. फिलहाल मामले की जांच चल रही है कि आखिर वह पाकिस्तान किस मकसद से गई थी और पाकिस्तान जाने में उसकी मदद किसने की थी.

## लड़की लापता

**उल्हासनगर.** कैंप नंबर 5, प्रेमनगर पहाड़ी क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की सोमवार सुबह 7 बजे अपने घर से यह कहकर निकली कि वह एक दोस्त से मिलने जा रही है। लेकिन देर रात तक घर नहीं आने पर हिललाइन थाने में मामला दर्ज कराया गया है.

उल्हासनगर कैंप नंबर 5, प्रेमनगर हिल इलाके में एक स्कूल के पीछे रहने वाली एक नाबालिग लड़की सोमवार सुबह 7 बजे यह कहकर घर से निकली कि वह एक दोस्त से मिलने जा रही है। शाम चार बजे तक घर नहीं आने पर किशोरी की मां और पिता ने उसकी तलाश की। हालांकि, वह सोमवार रात तक साथ नहीं आईं। आखिरकार वह हिललाइन पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## आधुनिकता के दौर में अकेलेपन का दंश

सभ्यता के विकास-क्रम में कायदे से होना यह चाहिए था कि सामाजिकता की जड़ें मजबूत हों और सरोकार की संवेदना को ज्यादा से ज्यादा जगह मिले। मगर आधुनिक समाज में नए-नए तकनीकों के सहारे रोज आधुनिक होती दुनिया में मनुष्य की पहुंच का दायरा तो विस्तृत हुआ है, मगर इसी क्रम में एक नई समस्या यह पैदा हुई है कि हजारों मील दूर किसी व्यक्ति से रिश्तों के आभासी तार जोड़ने वाला कोई इंसान वास्तविक समाज के साथ जुड़ाव को महसूस करने की संवेदना खोता गया। यह बेवजह नहीं है कि बहुत सारे लोग अकेलेपन के दंश को अलग-अलग रूप में झेलते हैं, मगर इसकी वजहों और हल को लेकर उनके भीतर कोई स्पष्टता नहीं बन पाती। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस स्थिति को 'जुड़ाव न महसूस करने के सामाजिक दर्द' रूप में परिभाषित किया है। अगर कोई व्यक्ति इस समस्या के जाल में खुद को फंसा हुआ पा रहा है और उसके प्रति सहज या अनुकूलित होता जा रहा है, तो इससे ऐसे व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक सेहत में तेज गिरावट हो सकती है। एक शोध में इसका आकलन इस रूप में किया गया है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव हर रोज पंद्रह सिगरेट पीने के बराबर का स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है।

दरअसल, अलग-अलग कारणों से अपने दायरे में सिमटते जा रहे लोग न केवल सामूहिकता बोध से वंचित हो रहे हैं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों को पलने का मौका दे रहे हैं। अफसोस यह है कि स्मार्टफोन या आधुनिक यंत्रों को बहुत सारे लोग आज अपने सामाजिक संबंधों के दुनिया भर में विस्तृत होने का जरिया मानते हैं। मगर इंटरनेट पर लोगों की फैलती दुनिया कितनी आभासी है, इसका पता तब चलता है, जब किसी गंभीर मानसिक या शारीरिक परेशानी में लोग फंसते हैं और उस समय उन्हें वास्तविक दुनिया के मनुष्यों की जरूरत होती है। तब उन्हें अपने परिजन, रिश्तेदार, करीबी दोस्त याद आते हैं, जो उसे इस संजाल से निकलने में मदद कर सकते हैं। मगर तकनीक आधारित कथित आधुनिकता के मूल्यों और उसमें सिमटती दुनिया में लोग लगातार भीड़ में अकेले पड़ते जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि लोगों के बीच प्रत्यक्ष रूप से आपसी मेलजोल बढ़े, सहयोग पर आधारित सामाजिकता बोध की भावना मजबूत हो।

# पांच साल के लिए मजबूत नींव रखता बजट

वर्ष 2024 का बजट अत्यधिक प्रत्याशित रहा, खासकर प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा के बाद कि पिछला दशक आने वाले पांच वर्षों में अपेक्षित परिवर्तनकारी परिवर्तनों के लिए केवल एक प्रस्तावना या 'ट्रेलर' था। यह बजट नौ प्रमुख क्षेत्रों के आसपास संरचित है, जिसमें रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है, जो सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। सरकार 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हुए 'अच्छी भुगतान वाली नौकरियां' निर्मित करने की अपनी प्राथमिकता में काफी स्पष्ट रही है। इस संबंध में, शिक्षा के लिए बढ़ा हुआ बजट आवंटन दूरगामी प्रभाव वाला एक रणनीतिक कदम है। दूसरी तरफ, कृषि अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य दूरगामी सोच वाले दृष्टिकोण को दर्शाते हुए उत्पादकता बढ़ाना है। एक और उल्लेखनीय पहल रोजगार से जुड़ा प्रोत्साहन कार्यक्रम है, जहां सरकार भविष्य निधि में नियोक्ता का हिस्सा और ईपीएफओ के साथ पंजीकृत नए कर्मचारियों के लिए पहले महीने का वेतन, जो पंद्रह हजार रुपये तक हो, कवर करेगी। इसके अतिरिक्त, विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई योजनाएं शुरू की गई हैं, जो इस क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। कार्यबल में महिलाओं के लिए बढ़ा हुआ बजट आवंटन और शिक्षा ऋण की ब्याज दरों में तीन प्रतिशत की छूट समावेशी विकास की दिशा में सराहनीय कदम हैं। इसके



अलावा, सरकार ने एक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है जिसका लक्ष्य एक करोड़ भारतीय युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में आवासीय और व्यावसायिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को कम किया जा सके। बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार राज्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो राजनीति में विश्वस्त सहयोगी होने के नाते स्वाभाविक भी था। बिहार के लिए, कोसी नदी बेसिन में बाढ़ सिंचाई और बाढ़ प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना एक महत्वपूर्ण कदम है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बजट क्रेडिट गारंटी योजना को बढ़ाना और मुद्रा लोन सीमा को रुपये 20 लाख तक बढ़ाने जैसे उपायों से एमएसएमई को आवश्यक वित्तीय सहायता मिलने, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

बजट में शहरी विकास को प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना गया है, जिसमें जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं परिवहन के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के पर्याप्त निवेश का प्रस्ताव रखा गया है। कई सुधारों के प्रस्ताव के साथ सरकार ने शहरी ढांचों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो सतत विकास एवं जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जरूरी है, क्योंकि भारत का भविष्य शहरी क्षेत्रों पर ही निर्भर है। बजट में ऊर्जा परिवर्तन को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिसमें सोलर रूफटॉप नीति की शुरुआत की गई है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालयों में अनुसंधान की फंडिंग के लिए एक लाख करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण आवंटन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र को शामिल किया गया है, जो नवाचार के महत्व को रेखांकित करता है। बजट में रोजगार, भूमि संबंधी मामलों और वित्तीय क्षेत्र में अगली पीढ़ी के सुधारों की रूपरेखा पेश की गई है, जिसका उद्देश्य व्यापार सुगमता को बढ़ाना और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करना है। बजट प्राप्तियां बढ़कर 32.07 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं, जबकि राजकोषीय घाटा जो अंतरिम बजट में 5.1 फीसदी था, वह घटकर 4.9 फीसदी रह गया है। यह कमी मुख्य रूप से जीडीपी में वृद्धि, उच्च प्राप्तियों और कम व्यय के कारण आई है। 2023-24 के वास्तविक खातों से पता चलता है कि संशोधित बजट में निर्धारित 5.8 फीसदी की तुलना में राजकोषीय घाटा घटकर 5.6 फीसदी रह गया है। बजट प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर में कई तरह के बदलाव लाता है। हालांकि अप्रत्यक्ष करों, विशेष रूप से जीएसटी का सरलीकरण एक सकारात्मक कदम है। लेकिन कर कटौती एवं उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी जैसे कई मुद्दे अब भी हैं। कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी से शेयरबाजार में सूचीबद्ध निवेशकों के लिए चिंताएं बढ़ी हैं।





प्रभु की निरोगात्मक शक्ति के साथ हम तब जुड़ सकते हैं जब हम अपनी चेतनता को भौतिक शरीर से हटाकर अपने आत्मिक पक्ष की ओर ले जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# केंद्र ने युवाओं की ली सुध



जिस दौर में वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं में काफी उथल-पुथल और चिंताजनक हालात बने हुए हैं, उसमें मंगलवार को पेश बजट ने एक तरह से सबका खयाल रखने का आश्वासन दिया है। बजट के कुछ अहम बिंदुओं को देखते हुए यह साफ लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकताओं में अब शायद कुछ बदलाव आया है।

वित्त मंत्री के रूप में निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण की शुरुआत में ही कहा कि शिक्षा और रोजगार के लिए बजट में 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यानी सरकार पिछले कुछ समय से देश की राजनीति में चुनावी मुद्दा बने, लेकिन प्रकारांतर से उपेक्षित सवालों की सुध लेती दिखती है। देश में बेरोजगारी की चुनौतियों से जूझने के लिए तीन नई योजनाओं की घोषणा की गई है, जिसमें अगले पांच वर्षों के लिए दो हजार करोड़ रुपए की राशि तय की गई है। औपचारिक क्षेत्र में पहली बार नौकरी हासिल करने वालों को सरकार उनके पहले महीने के वेतन पर अनुदान के रूप में पंद्रह हजार रुपए तक की अतिरिक्त राशि देगी।

इसके अलावा, एक करोड़ युवाओं को पांच वर्ष में शीर्ष पांच सौ कंपनियों में प्रशिक्षुता या इंटर्नशिप का मौका देने की बात की गई है, जिसके तहत युवाओं को पांच हजार रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा। जाहिर है, लंबे समय के बाद ऐसा लगता है कि बेरोजगारी की समस्या की गंभीरता को स्वीकार करने की कोशिश की गई है। आमतौर पर इस पर सबकी नजर रहती है कि बजट में मध्यवर्ग के लिए क्या कोई राहत है। इस लिहाज से देखें तो सरकार ने नई कर व्यवस्था की दरों में जो बदलाव किया है, उससे लोगों के साढ़े सत्रह हजार रुपए तक बच सकते हैं और अब तीन लाख रुपए की आय तक कोई आयकर नहीं देना होगा।

अप्रत्यक्ष कर की दरों में बदलाव के बाद अब कैंसर की कुछ दवाएं, मोबाइल फोन, सोना-चांदी के दाम में कमी आने की संभावना है। मगर आम लोग जिस महंगाई से जूझ रहे हैं, उससे कितनी राहत मिलेगी, इस मसले पर कोई स्पष्टता नहीं है। हालांकि कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने के अलावा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत किए गए नए प्रावधानों से मध्यवर्ग को लाभ मिल सकता है।


इसी तरह, कर ढांचे के नए स्वरूप से ऐसा लगता है कि सरकार की मंशा लोगों को पैसा बचाने के बजाय खर्च करने का विकल्प चुनने की ओर प्रवृत्त करने की है। अल्पकालिक पूंजीगत लाभ और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के नियमों में हुए बदलाव का असर इस रूप में सामने आया कि बजट भाषण के दौरान ही शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए। एक उम्मीद यह थी कि पिछले कुछ समय से रेल यात्रा के समूचे तंत्र को लेकर जितने बड़े पैमाने पर सवाल उठे थे, तो सरकार बजट में शायद इस पर ध्यान दे। मगर विचित्र यह है कि रेलवे क्षेत्र के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई।

# भूतिया गांव...जहां के लोग रात के अंधेरे में हो गए थे गायब!

**जरा हट के**

महल, किले और रेतयही सब याद आता है, जब राजस्थान की बात होती है. पर असल में राजस्थान में कई ऐतिहासिक और कमाल की कहानियां आपको सुनने के लिए मिल जाएंगी. यहां का एक गांव का तो ऐसा भी है, जो रातों-रात खाली हो गया था. यही कहानी आज आपके लिए लोकल18 लेकर आया है.

कहानी है पश्चिम राजस्थान के जैसलमेर जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर स्थित कुलधरा गांव की. यह गांव अपनी रहस्यमयी कहानियों के लिए जाना जाता है. कहा जाता है कि 200 साल पहले एक रात यह पूरा गांव रात को खाली हो गया था. कहा जाता है कि कुलधरा को किसी की बुरी नजर लग गई थी. यह नजर किसी भूत ने नहीं, बल्कि रियासत के दीवान सालम सिंह ने लगाई थी. दीवान सलाम सिंह की गंदी नजर गांव की एक खूबसूरत लड़की पर पड़ी. दीवान उस लड़की का इतना दीवाना था कि वो हर हाल में उसे पाना चाहता था.



### भूतिया गांव से पहचान रखता है कुलधरा

कुलधरा का इतिहास प्राचीन है और इसे राजस्थान का 'भूतिया गांव' भी कहा जाता है. इस गांव के बारे में एक पुरानी कहानी बताती है कि 18वीं शताब्दी में रात्रि के अंधेरे में यहां के निवासी ने अपने घरों को छोड़ दिया था. इस रहस्यमयी घटना के पीछे कई कारण थे, जिनमें अन्य गांवों से हो रही जलसाजी और आर्थिक दबाव शामिल थे.

दीवान और गांव वालों के बीच की यह लड़ाई अब एक कुंवारी लड़की के सम्मान के साथ-साथ गांव के स्वाभिमान की भी थी. गांव की चौपाल पर पालीवाल ब्राह्मणों की एक बैठक हुई और 5000 से अधिक परिवारों ने अपने सम्मान के लिए रियासत छोड़ने का फैसला किया. गांव के खाली हो जाने के बाद कुलधरा ने अपना पुराना चारित्र बदल लिया और उसे भूतिया गांव का दर्जा मिल गया.

# कबूतरों की बीट से फैल रही है फेफड़ों की गंभीर बीमारी

### 'हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस' के लक्षण और बचाव

अगर आप पक्षी प्रेमी हैं और रोज सुबह उठते ही घर के बाहर कबूतरों को दाना डालने के लिए निकल पड़ते हैं तो जरा रुकिए, क्या आप जानते हैं आप अपने साथ पड़ोस के बाकी लोगों के लिए भी सेहत से जुड़ा एक बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं। आप सोच रहे होंगे भला कबूतरों को दाना देने से कोई कैसे बीमार पड़ सकता है तो आपको बता दें, दिल्ली के एक 11 साल के लड़के को सांस की तकलीफ महसूस होने पर सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टर्स को शुरुआती जांच में पता चला कि लड़के के फेफड़ों में



सूजन है। जिसके बाद लड़के की मेडिकल स्क्रीनिंग की गई, जिसमें पता चला लड़के को फेफड़ों की रेयर बीमारी हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस है। यह एक तरह का निमोनिया रोग होता है,जो कई बार जानलेवा भी हो सकता है। डॉक्टर्स ने जांच में पता लगाया कि लड़के को फेफड़ों की यह गंभीर एलर्जिक समस्या कबूतर की बीट और पंखों के संपर्क में लंबे समय तक रहने के कारण हुई।

### हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस

कबूतर से होने वाली यह बीमारी हर साल कबूतरों की संख्या के साथ बढ़ती जा रही है। रिसर्च के मुताबिक, एक कबूतर एक साल में 11.5 किलो बीट करता है। कबूतरों की बीट से जुड़ी बीमारियों में क्रिप्टोकोकोसिस, हिस्टोप्लाज़्मोसिस और सिटाकोसिस शामिल हैं। बीट साफ करते समय सांस लेने से आप इन बीमारियों से संक्रमित हो सकते हैं। हाइपर सेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस बेहद खतरनाक बीमारी है। जो एक्यूट होने पर सांस लेने में दिक्कत, खांसी, ऑक्सीजन लेवल कम होना और जोड़ों में दर्द का कारण बन सकती है।

### हाइपर सेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस का खतरा किसे ज्यादा-

इस संक्रमण का खतरा उन लोगों को ज्यादा रहता है जो कबूतर और अन्य पक्षियों के संपर्क में ज्यादा आते हैं। हाइपर सेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस उन लोगों को भी प्रभावित करता है, जो पक्षियों के मल, मूत्र और उनके द्वारा छोड़े गए भोजन के कणों के संपर्क में आते हैं।

### लक्षण-

- सांस फूलना
- मसल्स में दर्द
- सूखी खांसी
- सीने में जकड़न
- ठंड लगना
- थकान
- तेज बुखार
- बिना किसी कारण के वजन कम होना

### बचाव

हाइपर सेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस से बचाव करने का सबसे अच्छा तरीका है कबूतर और अन्य पक्षियों के पंखों और बीट से जहां तक संभव हो सके दूरी बनाकर रखें।

- अगर घर में बर्ड नेट या बर्ड ड्रॉपिंग है तो इसकी नियमित तौर पर सफाई करें।
- घर के आस-पास लंबे समय तक खुले में पानी भरकर न रखें।
- घर में कहीं भी नमी न बढ़ने दें। यह फफूंद का कारण है जो परेशानी पैदा कर सकती है।

# स्प्रिंग रोल

**खाना-खजाना**

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे स्नैक्स खाना पसंद न हो। खासतौर पर बात करें भारतीय लोगों की तो हम भारतीय तो सुबह और शाम, दोनों समय अलग-अलग वैरायटी का नाश्ता करना पसंद करते हैं। सुबह के लिए तो ज्यादातर लोग ऐसी चीज खाते हैं जो हेल्दी के साथ ऐसी भी हो, जिससे पेट भरा रहे लेकिन शाम को हर किसी का मन चटाकेदार खाना खाने को करता है। रोज-रोज बाहर का खाना खा के तबियत खराब होने का भी डर होता है। इसी वजह से महिलाएं अपने परिवार वालों के लिए घर पर ही स्नैक्स तैयार करती हैं। अगर आप भी कुछ स्वादिष्ट सा नाश्ता घर पर बनाने का सोच रही हैं तो स्प्रिंग रोल एक बेहतर विकल्प है।

### सामग्री :

- 1 कप मैदा
- 1/4 कप कॉर्न फ्लोर
- 2 बड़े चम्मच रिफाइंड तेल
- चौथाई चम्मच नमक
- 1 बड़ा चम्मच तेल



### विधि :

अगर आप स्प्रिंग रोल की शीट घर पर तैयार करना चाहती हैं तो सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, कॉर्नफ्लोर और नमक को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा रिफाइंड डालकर इसे सही से मिलाएं।

अब जरूरत के हिसाब से इसमें पानी डालें और फिर मैदा धीरे-धीरे गूंथ लें। अब इस गूंथी हुई मैदा से छोटी-छोटी लोई बनाकर उसे बेल लें। ध्यान रखें कि ये आपको कागज की जितनी पतली बेलनी है।

आप चाहें को एक साथ कई शीट बेल सकती हैं। इसके बाद इसे हल्का सेकना शुरू करें। हल्का-हल्का सेकने के बाद इसे रख लें। अब आप इससे स्प्रिंग रोल तैयार कर सकती हैं। स्प्रिंग रोल शीट बनाने का ये सबसे आसान तरीका है।

# सेहत के लिए फायदेमंद है सरसों का तेल

### ऐसे करें असली नकली की पहचान



खाना पकाने से लेकर सिर की मालिश और बॉडी मसाज करने तक के लिए सरसों का तेल घरों में कई तरह से यूज किया जाता है। असली सरसों का तेल ना सिर्फ आपके स्वाद बल्कि आपकी सेहत और खूबसूरती का भी खास ख्याल रखता है। यही वजह है कि अधिकतर घरों में सरसों का तेल किसी ना किसी रूप में जरूर यूज होता है। सरसों के तेल की इस बढ़ती डिमांड को देखते हुए मिलावट खोर सरसों के तेल में कई चीजों की मिलावट करना शुरू कर देते हैं। जिसकी वजह से कई बार सेहत को नुकसान भी हो सकता है। अगर आप मिलावटी सरसों के तेल का इस्तेमाल करने से बचना चाहते हैं तो ये किचन टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।

### पहचान करने के टिप्स-

**फ्रिज-**

सरसों के तेल में मिलावट का पता लगाने के लिए ये सबसे आसान उपाय है। इस ट्रिक को आजमाने के लिए सबसे पहले थोड़ा सा सरसों का तेल कटोरी में निकालकर फ्रिज में रख दें। थोड़ी देर बाद जब आप सरसों के तेल की कटोरी देखेंगे तो आपको पता चलेगा कि असली सरसों का तेल जस का तस है जबकि नकली सरसों के तेल की सतह पर सफेद रंग की परत जैसी तैर रही है। यह टिप आपको सरसों के तेल का असली और नकली पता करने में मदद करेगा।

**रबिंग टेस्ट-**

सरसों के तेल की शुद्धता जांचने के लिए आप इसे हथेली पर रगड़कर भी देख सकते हैं। इस उपाय को करने के लिए दोनों हाथों पर सरसों का तेल लगाकर जोर-जोर से रगड़े। सरसों के तेल में मिलावट होने पर तेल से गंध आने के साथ उसका रंग भी बदल जाएगा। जबकि असली सरसों का तेल त्वचा पर लगाने से वह चिपचिपाहट पैदा नहीं करेगा।

**तेल के रंग में बदलाव-**

आजकल सरसों के तेल में आर्गेमोन तेल मिलाया जाता है। इस तरह के तेल में जहरीला पॉलीसाइक्लिक नमक पाया जाता है, जिसे सेंगुइनारिन कहते हैं। तेल का रंग बदलने का मतलब होता है कि उसमें मिलावट की गई है।

# बालकनी में रखे पौधे होने लगे हैं खराब

### तो इन घरेलू नुस्खे का करें इस्तेमाल

अगर आपकी बालकनी में रखे हुए पौधे भी मुरझाने लगे हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको कुछ आसान टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप इन पौधों का ख्याल रख सकते हैं. साथ ही ये टिप्स आपके घर की सुंदरता को बरकरार रखने में भी मदद करेंगे.

### इस घरेलू नुस्खे को आजमाएं

कई बार बालकनी में रखें पौधों पर कीड़े लग जाते हैं या फिर पौधे मुरझाने लगते हैं. इससे बचने के लिए आप घर पर कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं. सबसे पहले आपको नीम के तेल और लहसुन का अर्क पानी में मिलाकर स्प्रे बोतल में भरना होगा, फिर इसे पौधों पर स्प्रे करें. ऐसा करने से आपके पौधों में जान आ जाएगी और उस पर लगे कीड़े दूर होने लगेंगे, जो पत्तियां पूरे तरीके से खराब हो गई है. उसे आप पौधे से हटा सकते हैं.



### मिट्टी की मल्चिंग जरूर करें

अगर आपके पौधे की पत्तियां पीली पड़ने लगी है या फिर पूरे तरीके से खराब हो गई है, तो आप पानी देना बंद कर दें और थोड़े समय तक मिट्टी को सूखने दे. इसके अलावा जो पौधे थोड़े खराब हो गए हैं. उसको आप नए गमले और नई मिट्टी में दोबारा लगाएं. पौधों को खाद, पानी देने के साथ मिट्टी की मल्चिंग जरूर करें, ऐसा करने से सूरज की किरणें सीधे मिट्टी तक पहुंचती है और इससे पौधा लंबे समय तक हरा भरा रहता है.

### कीटनाशक या फर्टिलाइजर का इस्तेमाल

अगर आप बाजार से कीटनाशक या फर्टिलाइजर खरीद कर पौधों में डालते हैं, तो ध्यान रहे कि इसका जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से पौधे खराब होने लगते हैं. अगर आपके पौधों पर ब्लैक स्पॉट फंगस दिखाई दे रहे हैं, तो उन्हें हटाने की कोशिश करें. क्योंकि यह फंगस पूरे पौधे को खराब कर सकते हैं.

### बेकिंग सोडा का इस्तेमाल

पौधों से दीमक को खत्म करने के लिए आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको बेकिंग सोडा में थोड़ा पानी डालकर घोल तैयार करना होगा और जहां पर दीमक ने छेद कर दिए हैं, वहां पर इस घोल को डाल दें. इन सभी टिप्स की मदद से आप बालकनी में रखे पौधों को हरा भरा रख सकते हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें।

**वृषभ** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी।

**मिथुन** : घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कर्क** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**कन्या** : बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है।

**तुला** : सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। सुख-शांति रहेगी।

**वृश्चिक** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें।

**धनु** : किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। उपहार की प्राप्ति संभव है।

**मकर** : सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अनावश्यक जोखिम न लें। किसी के उकसावे में न आएं।

**कुंभ** : आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें। व्यापार लाभदायक रहेगा। मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**मीन** : मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है। थकान तथा कमजोरी महसूस होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## संक्षेप...

### नकली पुलिस ने बिल्डर को ठगा

**भिवंडी.** मुंबई-नासिक हाइवे स्थित पिंपलास फाटा के पास 3 लोगों ने पुलिस कर्मी बताकर काल्हेर गांव निवासी बिल्डर के साथ ठगी करने की घटना को अंजाम दिया है. कोनगांव पुलिस ने उक्त मामले में 3 अज्ञात के खिलाफ मामला दाखिल किया है.

पिंपलास गांव फाटा के पास दोपहर पौने 2 बजे के करीब बांधकाम व्यवसायी विकास वामन पाटिल कार से जा रहे थे. उसी दौरान रेनकोट पहनकर मोटरसाइकिल पर बैठकर 2 लोग आए और उनकी कार को साइड में रोक कर कहने लगा कि वह पुलिस कर्मी है. हाइवे पर बहुत चोरी होती है.तुम अपने गले से सोने की चैन निकालकर रख लो और उन्हें विश्वास में लेकर एक रूमाल में सोने की चैन लपेट कर दे दिया.कुछ देर बाद विकास पाटिल को शंका हुई तो रूमाल खोलकर देखा तो उसमें पत्थर का टुकड़ा मिलने पर ठगे जाने का एहसास हुआ.

# उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने लॉन्च की पिंक रिक्शा योजना



**मुंबई.** लाडली वहन योजना के बाद अब उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पिंक रिक्शा योजना की घोषणा की है. इस योजना का लाभ राज्य की गरीब महिलाओं को मिलेगा। अजित पवार ने जानकारी दी है कि इस गुलाबी रिक्शा योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जो गरीब हैं.

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पिंक रिक्शा योजना की घोषणा की है. राज्य के 17 शहरों की 10 हजार महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। योजना का लाभ केवल उन्हीं महिलाओं को मिलेगा जो गरीब हैं।

जो महिलाएं इस योजना के लिए पात्र होंगी। उन महिलाओं को ये गुलाबी रिक्शा मिलेगा. दिलचस्प बात यह है कि सरकार इस गुलाबी रिक्शा का 20 प्रतिशत भुगतान करने जा रही है। वहीं 10 फीसदी राशि महिला आवेदकों को देनी होगी. बाकी 70 फीसदी रकम बैंक लोन के जरिए चुकानी होगी.

### महिलाओं के खाते में 19 अगस्त को आएंगे पैसे?

राज्य के मुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि सरकार ने रक्षा बंधन के पहले सप्ताह का समय एकत्र करने का समय दिया है। योजना का पैसा 19 अगस्त 2024 को लाभार्थी महिलाओं के खाते में जमा कर दिया जाएगा. जुलाई और अगस्त दोनों महीनों के लिए 3000 हजार रुपये इकट्ठा किए जाएंगे. माझी लड़की बहिन योजना के लिए सरकार ने एक साल के लिए 46 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये हैं. इस योजना के लिए 21 से 65 वर्ष की आयु की महिलाएं आवेदन कर सकेंगी। इसके लिए परिवार की आय ढाई लाख से कम होनी चाहिए और यदि आय प्रमाण नहीं है तो पीला या नारंगी राशन कार्ड भी स्वीकार किया जाएगा।

### कौन पात्र होगा?

जो महिलाएं महाराष्ट्र की निवासी हैं वे योजना के लिए पात्र होंगी। इन महिलाओं के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। और महाराष्ट्र निवासी प्रमाण भी आवश्यक है। साथ ही इन महिलाओं के पास आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक खाता होना चाहिए.

दरअसल सरकार की ओर से इस योजना की घोषणा कर दी गई है. इस योजना का लाभ उठाने के लिए कहां आवेदन करें? सरकार की ओर से इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई है. लेकिन इसके बारे में जल्द ही जानकारी सामने आएगी.

# बजट में महाराष्ट्र का सूपड़ा साफ

- राकांपा शरद पवार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया गाजर आंदोलन

उल्हास विकास संवाददाता




**ठाणे.** केंद्र सरकार के बजट में महाराष्ट्र सरकार के हाथ में मिला गाजर।ठाणे राकांपा ने केंद्र सरकार के विरोध में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में गाजर आंदोलन किया।केंद्रीय वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमन ने बजट किया पेश।इस बजट में बिहार व आंध्रप्रदेश को मिला खैरात लेकिन महाराष्ट्र के लिए बजट में कुछ खास नहीं मिला।जिसके विरोध में राकांपा शरद पवार पार्टी के ठाणे शहर अध्यक्ष सुहास देसाई व कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटील के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ में केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी किया गया।आंदोलन के दौरान सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के हाथ में गाजर था।बजट का दोष महाराष्ट्र में रोष लिखा हुआ बैनर लेकर सरकार का विरोधाभास किया।इस अवसर पर शहर अध्यक्ष सुहास देसाई ने कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के साथ में सौतेला व्यवहार किया है।जबकी महाराष्ट्र देश का आर्थिक राजधानी है इसके बावजूद भी बजट में महाराष्ट्र के साथ में दुर्व्यवहार किया गया।शहर अध्यक्ष देसाई ने महायुती के सांसदों पर तंज कसते हुए कहा कि महाराष्ट्र के लिए बजट पर लड़ना चाहिए था।

इस आंदोलन में महिला अध्यक्षा सुजाताताई घाग, युवक अध्यक्ष विक्रम खामकर, विद्यार्थी अध्यक्ष प्रफुल कांबले, युवती निरीक्षक प्रियांका सोनार, ओबीसी सेल अध्यक्ष गजानन चौधरी, हॉकर्स सेल के सचिन पंधेरे, असंघटीत कामगार सेल के राजू चापले, महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता रचना ताई वैद्य,दिपक क्षत्रिय, मिलिंद भाऊ बनकर, राजेश कदम, राजेश ज. साटम, ठाणे विधान सभा अध्यक्ष महेंद्र पवार, संदिप पवार, संजीव दत्ता, शुभम व्दिदवी, धर्मेंद्र अस्थाना, शिवा यादव, कुलविंदर सिंह सोखी, आशिष उमासरे, माधुरी सोनार, अरविंद मोरे, पटेल भाभी, ज्योती निंबालकर, शुभांगी खेडकर, शशी पुजारी, आरती गायकवाड, राणी देसाई, नितीन आहेर, हिरु गंगावणे, मनिषा म्हात्रे, साहिल उदुगाडे, वैभव खोत,पुरषोत्तम पाटील ,कैलास सुरकर, राहु पाटील, विलास पाटील, शेखर भालेराव, रिंकू सिंह, समीर नेटके, आशिष खाडे, राजेश मिश्रा आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# पाइपलाइन में अवैध रूप से कनेक्शन जोड़कर पानी चोरी

- बिल्डर पर मामला दर्ज



**कल्याण.** डोंबिवली पश्चिम में मनपा की पाइपलाइन से पानी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस विषय में मनपा के जलापूर्ति विभाग के अधिकारी उदय तुलसीराम सूर्यवंशी की शिकायत पर डोंबिवली की विष्णुनगर पुलिस ने अमोल कांबले नामक बिल्डर पर मामला दर्ज कर लिया है। विष्णुनगर पुलिस के अनुसार डोंबिवली पश्चिम के नवापाडा में स्थित शिवनाथ कृपा बिल्डिंग में महापालिका का पानी चोरी से उपयोग किया जा रहा था। बिल्डर अमोल कांबले ने अनुमति लिए बिना अवैध रूप से मुख्य पाइपलाइन से पानी चोरी कर बिल्डिंग में इस्तेमाल किया। पुलिस के मुताबिक बिल्डर ने 1 फरवरी 2021 से लेकर 10 जुलाई 2024 तीन साल तक 2 लाख से ज्यादा का पानी चोरी से इस्तेमाल किया। इस संदर्भ में मनपा जलापूर्ति विभाग के अधिकारी उदय सूर्यवंशी ने विष्णुनगर थाने में पानी चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत केस दर्ज कर विष्णुनगर पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

### स्कूल क्रमांक 50 के विद्यार्थियों को बैग व नोटबुक का वितरण

**ठाणे.** शहर स्थित घोड़बंदर रोड कोकणी पाढ़ा में मनपा के स्कूल क्रमांक 50 के जरूरतमंद विद्यार्थियों को विधायक संजय केलकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हीरानंदानी स्टेट शॉपकीपर एशोसिएशन, गौरव स्वीट,मितेश शाह,विरलभाई पटेल के सहयोग से 150 विद्यार्थियों को बैग,नोटबुक, पेंसिल, पानी बॉटल, टिपिन,कंपास आदि का वितरण किया गया।विद्यार्थियों को शिक्षा से संबंधित सामान मिलने पर खुशी की लहर दिखाई दिया।इस अवसर पर ठाणे शहर उपाध्यक्ष स्वप्नाली ताई सालवी, वर्षा ताई माने, विजय रांजणे, हरेश भाई आस्कणांनी,नानजी भाई पटेल, संदीप माने आदि उपस्थित थे।

# पार्सल में ड्रग्स होने का बहाना कर महिला को लगाया साढ़े बारह लाख का चूना

- मुंबई क्राइम ब्रांच के नाम पर दी कार्रवाई की धमकी
- कार्रवाई से बचने के लिए धोखेबाजों की बातों में फंस गई महिला




**कल्याण.** मुंबई क्राइम ब्रांच के नाम पर डोंबिवली के लोढ़ा-पलावा सिटी की रहने वाली एक 32 वर्षीय महिला के साथ साढ़े बारह लाख की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। मानपाड़ा पुलिस के अनुसार यह घटना 18 से 20 जुलाई के बीच की है। एक अनजान व्यक्ति ने फोन कर फीडेक्स इंटरनेशनल कुरियर कंपनी का नाम लेकर महिला से कहा कि आपकी मुंबई से थाईलैंड भेजी गई पार्सल में 5 पासपोर्ट, 3 क्रेडिट कार्ड और एक लैपटॉप के अलावा एमडीएमए नामक ड्रग्स भी है, जिसे मुंबई क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है। इसके बाद किसी दूसरे व्यक्ति ने मुंबई क्राइम ब्रांच का नाम बताकर फोन किया और महिला को कार्रवाई के लिए धमकाया। मुंबई क्राइम ब्रांच और ड्रग्स का नाम सुनते महिला के होश उड़ गए और वह डर गई। धोखेबाजों की बातों में आकर कार्रवाई से बचने के लिए महिला ने 12 लाख 53 हजार 90 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर करने के बाद उसे ठगे जाने का अहसास हुआ। फिर महिला ने मानपाड़ा थाने में अनजान फोनकर्ता के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। मानपाड़ा पुलिस मामला दर्ज कर फोन नंबर के जरिए अज्ञात धोखेबाजों की पहचान करने में जुटी है।

### आर्किटेक्ट को लगा 8 करोड़ का चूना

**ठाणे.** ठाणे शहर में रहने वाले एक शख्स को विदेश में बैठे एक कारोबारी ने करोड़ों रुपये का चूना लगा दिया. पीड़ित एक आर्किटेक्ट है, जिसने महंगी घड़ियों का कारोबार करने के लालच में दुबई में बैठे एक शख्स पर भरोसा कर लिया और आठ करोड़ से ज्यादा रुपये का नुकसान कर लिया. पुलिस अब इस मामले की छानबीन में जुट गई है.


**पगड़ी**



बड़े ही दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती निर्मलादेवी हिरानंद राजवानी का निधन हो गया है। इनकी पगड़ी रस्म आज गुरुवार 25 जुलाई 2024 को शाम 5 से 5.30 बजे तक थाहिरीया सिंग धन गुरुनानक दरबार, ग्राऊंड फ्लोर, हिराघाट, उल्हासनगर-3 में रखी गई थी। जनाना-मर्दाना एक ही स्थान पर होगी।

सेवा में:
**राजवानी परिवार।**
**दिलीप राजवानी 9322222259**


# ठाणे में 27 जुलाई से इकोफ्रेंडली गणेशोत्सव प्रर्दशनी का आयोजन



**ठाणे.** राज्य सरकार ने पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से इकोफ्रेंडली गणेशोत्सव मनाने के लिए निर्देश दिया है।मनपा ने इकोफ्रेंडली गणेशोत्सव 2024 के लिए पहल किया है। पर्यावरण पूरक से बनी गणेश मूर्ति का प्रदर्शनी और मखर व अन्य सजावटी वस्तुओं को विक्री के लिए मनपा स्कूल क्रमांक 19 विष्णु नगर में 27 जुलाई से 4 अगस्त तक आयोजित किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मनपा आयुक्त सौरभ राव के हाथों से किया जायेगा।

इस समय शहर के नामी गिरामी लोगों की उपस्थिति रहेगीं।प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्ति से पर्यावरण संरक्षण को लेकर खतरा है।इसलिए मनपा ने पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर गणेश मूर्ति व सजावट के लिए अलग पर्याय निकाला है।मनपा क्षेत्र के अंतर्गत शाडू मिट्टी मूर्तिकारों के लिए उपलब्ध किया है।साथ ही मूर्तिकारों को मुफ्त में मनपा के सभी प्रभाग समिति में जगह दिया गया है।

यह जानकारी मनपा मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान ने दी।राज्य में इकोफ्रेंडली गणेश मूर्ति राज्य के विविध भागों में मूर्तिकारों को शाडू मिट्टी, लाल मिट्टी, गोमय,दफ्ती,पेपर,मखर व अन्य वस्तुओं को उपलब्ध किया जायेगा।गणेशोत्सव से पहले नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।साथ ही मूर्तिकारों को मिट्टी से मूर्ति बनाने के लिए कार्यशाला,पेपर,दफ्ती से सजावटी सामान तैयार करने के लिए मनपा ट्रेनिंग देगी।स्कूलों में विद्यार्थियों को चित्रकला प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक करने के लिए तैयारी है।इस बार गणेशोत्सव नागरिकों को इकोफ्रेंडली मूर्ति से मनाने के लिए मनपा ने आवाहन किया है।

### दमन से चुराई गईं मूर्तियां बेचने की कोशिश करते 5 गिरफ्तार

**भिवंडी.** दमन स्थित एक दुकान से चोरी की गईं कीमती मूर्तियों और चांदी को बेचने की कोशिश कर रहे 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

अपराध शाखा भिवंडी के वरिष्ठ निरीक्षक योगेश अव्हाड ने बताया कि गिरोह ने हाल ही में दमन में एक दुकान में सेंध लगाई और वहां से 3 किलोग्राम चांदी, मूर्तियां तथा कुछ अन्य कीमती सामान चुराया था. उन्होंने कहा कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चोरी की गई चांदी और अन्य सामान बेचने के लिए भिवंडी आ रहे हैं.मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जाल बिछाया और 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार किए गए पांचों लोगों ने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में भी कई अपराधों को अंजाम दिया है.

# अतिधोखादायक इमारतों के निवासियों को खाली करवाएं

- मनपा आयुक्त सौरभ राव ने किया आह्वान
- आला अधिकारियों के साथ बैठक

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सी 1 श्रेणी यानी अतिधोखा दायक इमारतों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से खाली करवाना ही न्याय होगा। यह बात मनपा आयुक्त सौरभ राव ने आला अधिकारियों के साथ बैठक में कहा।बरसात के मौसम में किसी भी तरह की घटना नही हो और किसी के भी जानमाल की हानी नही हो इसके पहले खंडहर इमारतों में रहने वाले लोगों का ध्यान रखें।उनके सुरक्षा की दृष्टि महत्वपूर्ण है यह आदेश राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आदेश दिया है।यदि बरसात में किसी भी इमारत की दुर्घटना घटी तो संबंधित अधिकारियों का खैर नहीं होगा यह निर्देश दिया है यह बात बैठक में आयुक्त सौरभ राव ने स्पष्ट किया। लेकिन इस तरह के इमारतों में रहने वाले नागरिक यदि स्वतः जबावदारी ले रहे हैं तो वह दुरुस्तीकरण कर उसका फोटो मनपा के संबंधित प्रभाग समिति में जमा करें. मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 96 अतिधोखा दायक इमारत है।जिनमें से 47को खाली कराया गया है।29 इमारत ग्राउंड फ्लोर को छोड़कर ऊपरी हिस्से को तोड़ दिया गया है।20 इमारत अभी भी लोग रहते है।इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी. गोदेपुरे, मनीष जोशी, दिनेश तायडे, शंकर पाटोले सहित सभी प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त मौजूद थे।


**आम सूचना**

मैं श्रीमती रमा सत्यनारायण सिंग सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम टीजी/एसी शीट, कमला नेहरू नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ014094700) उक्त प्रॉपर्टी सत्यनारायण रामबली सिंग के नाम पर है। सत्यनारायण रामबली सिंग का 23.11.2015 को निधन हुआ। श्री सुशील सत्यनारायण सिंग, अनिल सत्यनारायण सिंग व एकता सत्यनारायण सिंग ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 24.07.2024 सी.नं. 3435/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रमा सत्यनारायण सिंग**



उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel


# फ्लॉप हो रही फिल्मों पर अक्षय ने तोड़ी चुप्पी



- बोले- ‘दुख होता है, फिर अगली फिल्म पर ज्यादा मेहनत करता हूं’

अक्षय कुमार की हालिया रिलीज फिल्म ‘सरफिरा’ बुरी तरह फ्लॉप हुई है। इससे पहले रिलीज हुई एक्टर के करियर की पिछली 10 फिल्मों पर नजर डालें तो उसमें ‘सूर्यवंशी’ और ‘OMG 2’ छोड़कर बाकी 8 फिल्में फ्लॉप रहीं।

लगातार फ्लॉप हो रही इन फिल्मों पर अक्षय ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। एक्टर ने कहा कि यह बहुत दुखद है और इसका असर भी पड़ता है।

### ‘दुखी होने से फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी’

फोर्ब्स इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में अपनी लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों के बारे में अक्षय ने कहा, ‘हर फिल्म के पीछे काफी खून, पसीना और जुनून होता है। अपनी किसी फिल्म को फेल होते देखना बहुत दुखद होता है पर हर बार विफलता आपको सफलता की कीमत सिखाकर जाती है। खुशनसीबी से इसे मैंने अपने करियर की शुरुआत में ही सीख लिया था। यकीनन आप दुखी होंगे.. इस फेलियर का आप पर असर भी होगा पर इससे उस फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी।’

### मैं अगली फिल्म के लिए आगे बढ़ता हूं: अक्षय

अक्षय ने आगे कहा, ‘कुछ चीजें आपके कंट्रोल में नहीं होती हैं.. पर आपके बस कड़ी मेहनत करना जरूर है। तो खुद को और सुधारें और अगली फिल्म के लिए खुद को झोंक दें। अपना सबकुछ दे दें। मैं ऐसे ही अपनी एनर्जी को इन्वेस्ट करता हूं और अगली फिल्म के लिए आगे बढ़ता हूं। मैं अपनी ताकत सही जगह पर लगाता हूं, जहां इसके सही मायने हैं।’





संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099